**अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों** के लिए अनिवार्य योग्यता(ओं) हेतु न्यूनतम प्रतिशत अंकों में छूट निम्नानुसार प्रदान की गई है -

3.1 जहाँ-कहीं भी न्यूनतम प्रतिशत अंकों को **65%** के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, **वहां अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता में छूट सहित न्यूनतम अंक 60% है।**

**3.2** जहाँ कहीं भी न्यूनतम प्रतिशत अंकों को **60%** के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, **वहां अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता में छूट सहित न्यूनतम अंक 55% है।**

3.3 अनारक्षित पदों के खिलाफ आवेदन करने वाले **अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी** श्रेणी के अभ्यर्थियों को योग्यता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और शिक्षा योग्यता में न्यूनतम योग्यता प्रतिशत अंकों में उन्हें कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी।

4. **आयु सीमा और आयु में छूट:**

4.1 विभिन्न पदों हेतु अधिकतम आयु सीमा ऊपर दी गई तालिका - II के अनुसार दिनांक **05.08.2021** है ।

4.2 अ.जा./ अ.ज.जा. वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष और ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 03 वर्ष की छूट है। पीडब्ल्यूबीडी-सामान्य के लिए 13 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी-ओबीसी (एनसीएल) के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी-अ.जा./अ.ज.जा. वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 15 वर्ष तक छूट दी गई है। ऊपरी आयु सीमा में उपर्युक्त छूट केवल उन पदों के संबंध में लागू होती है जो अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। ऊपरी आयु सीमा में छूट इस तथ्य के बावजूद पीडब्ल्यूबीडी के लिए लागू होगी कि क्या पद आरक्षित है या नहीं, बशर्ते कि पद को पीडब्ल्यूबीडी के लिए उपयुक्त माना गया हो। 1.1.1980 और 31.12.1989 के बीच जम्मू और कश्मीर राज्य में अधिवासित अभ्यर्थियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट भी दी गई है।

4.3 अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) अनारक्षित (यूआर) पदों के खिलाफ आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अर्हता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और उन्हें ऊपरी आयु सीमा में कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी

4.4 भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, जिन्होंने संघ की सशस्त्र सैन्य बलों में छ: माह या उससे अधिक निरंतर सेवा की है उन्हें अपनी-वास्तविक आयु में से सेवा की इस अवधि को घटाने की अनुमति दी जाएगी और यदि यह आयु अभ्यर्थी द्वारा आवेदित पद/सेवा के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि वह आयु सीमा की शर्तों को पूरा करता है/करती है।

4.5 **आवेदक की अधिकतम ऊपरी आयु सभी संभावित आयु छूट सहित 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

4.6 दिव्यांग (पीडब्ल्यूबीडी) श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए छूट और रियायतें इस संबंध में सरकार के निर्देशों के अनुसार होंगी।

5. **परिलब्धियां:**

5.1 चयनित अभ्यर्थियों को एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा और वे नीचे दी गई **तालिका-III** के अनुसार संबंधित वेतनमान में प्रारंभिक मूल वेतन आहरित करेंगे:

**तालिका-III**

| ग्रेड | वेतनमान | प्रारम्भिक मूल वेतन |
|---|---|---|
| ई-3 | रू. 70,000 - 2,00,000/- | रू. 70,000/- |
| ई-2 | रू. 60,000 - 1,80,000/- | रू. 60,000/- |
| ई-1 | रू. 50,000 - 1,60,000/- | रू. 50,000/- |

5.2 अभ्यर्थियों को अखिल भारतीय आधार पर ओपन विज्ञापन के माध्यम से ई -2 ग्रेड में वरिष्ठ अधिकारी / वरिष्ठ इंजीनियर के पद के लिए चयनित किया जाएगा तथा ई -2 ग्रेड के वेतनमान में न्यूनतम मूल वेतन के साथ ई-2 ग्रेड में उन्हें दिए गए न्यूनतम वेतनमान के अतिरिक्त लागू दर (वर्तमान में @ 3%) पर 01 अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी । अभ्यर्थी (यों) को उनके द्वारा लिए गए अंतिम वेतन की सुरक्षा के लिए तय किए गए मूल वेतन के अतिरिक्त संचयी आधार पर लागू दर पर एक अग्रिम वृद्धि प्रदान करने की सुरक्षा (बेसिक प्लस डीए) प्रदान की जाएगी । चयन समिति की सिफारिश पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अग्रिम वेतन वृद्धि (यों) के रूप में उच्च मूल वेतन प्रदान किए गए अभ्यर्थी (यों) भी चयन समिति की अनुशंसा के आधार पर प्रस्तावित उच्च मूल वेतन के अतिरिक्त निर्धारित एक अग्रिम वेतन वृद्धि के लिए पात्र होंगे ।

5.3 वरिष्ठ अधिकारी/वरिष्ठ इंजीनियर (ई-2 ग्रेड) के पद के लिए चयनित और बीई/बीटेक की दोहरी योग्यता रखने वाले तथा 02 वर्षीय पूर्णकालिक नियमित एमबीए डिग्री (मान्यता प्राप्त) या समकक्ष (जैसे एमएमएस, पीजीडीएम, कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध / सामाजिक कार्य / समाज कल्याण में मास्टर्स डिग्री या कार्मिक प्रबंधन और औद्योगिक संबंध / सामाजिक कार्य / समाज कल्याण में पीजी डिप्लोमा) को ई-2 ग्रेड में न्यूनतम वेतनमान के अतिरिक्त गेल में ज्वाइनिंग के समय संचयी आधार पर लागू दर (वर्तमान में @ 3%) पर दो अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी ।

5.4 अखिल भारतीय आधार पर ओपन विज्ञापन के माध्यम से ई- 2 ग्रेड में वरिष्ठ अधिकारी / वरिष्ठ इंजीनियर के पद के लिए चुने गए और ई-2 ग्रेड के वेतनमान में दिए गए न्यूनतम मूल वेतन वाले सभी अभ्यर्थी (यों) को पद योग्यता संबंधित 04 वर्ष या 04 वर्ष से अधिक का अनुभव होने पर (पद योग्यता संबंधित 01वर्ष के अनुभव की न्यूनतम आवश्यकता के समक्ष) ई-2 के वेतनमान में न्यूनतम मूल वेतन के अतिरिक्त लागू दर (वर्तमान में @ 3%) पर संचयी आधार पर 02 अग्रिम वेतन वृद्धि प्रदान की जाएगी। पद योग्यता संबंधित अनुभव के वर्षों की संख्या की गणना के उद्देश्य से ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को कट-ऑफ तिथि के रूप में लिया जाएगा।

अभ्यर्थी (यों) को उनके द्वारा लिए गए अंतिम वेतन की सुरक्षा के लिए तय किए गए मूल वेतन के अतिरिक्त संचयी आधार पर, उपर्युक्त विनिर्दिष्ट, लागू दर पर दो अग्रिम वृद्धि देने की सुरक्षा (बेसिक प्लस डीए) प्रदान की जाएगी । इसके अतिरिक्त चयन समिति की सिफारिश या अन्यथा प्रत्येक मामले की वरीयता पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अग्रिम वेतन वृद्धि (यों) के रूप में उच्च मूल वेतन प्रदान किए गए अभ्यर्थी (यों) भी चयन समिति की की सिफारिश या अन्यथा प्रत्येक मामले की वरीयता आधार पर प्रस्तावित उच्च मूल वेतन के अतिरिक्त उपर्युक्त विनिर्दिष्ट, लागू दर (वर्तमान में @ 3% ) पर दो अग्रिम वेतन वृद्धि(यों) के लिए पात्र होंगे । शर्त यह है कि ऐसे मामलों में स्वीकृत की जाने वाली अग्रिम वेतन वृद्धियों की कुल संख्या 05 से अधिक नहीं होगी।

**5.5 वेतन और भत्ते:** ग्रेड में लागू मूल वेतन, लागू दरों पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ता (वीडीए) और कैफेटेरिया दृष्टिकोण के पर्क्स और भत्ते।

5.6 **परिवर्तनीय वेतन :** व्यक्तिगत और संगठनात्मक प्रदर्शन के आधार पर निष्पादन संबंधित वेतन।

5.7 **अन्य लाभ:** कंपनी के नियमों के अनुसार कंपनी आवास/ लीज आवास/ एचआरए, चिकित्सा सुविधा, समूह

बीमा,हाउस बिल्डिंग एडवांस, कनवेयंस एडवांस आदि।

5.8 **अधिवर्षिता लाभ:** अपेक्षित नियम और शर्तों को पूरा करने के अधीन, कार्मिक अंशदायी भविष्य निधि, ग्रेच्युटी और निर्धारित अंशदान योजना के तहत पेंशन के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा निर्धारित अंशदान योजना के तहत सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा लाभ उन कार्मिकों की दिए जाएंगे, जो न्यूनतम 15 वर्ष की निरंतर सेवा प्रदान करने के बाद गेल से अधिवर्षिता प्राप्त करते हैं ।

5.9 उपर्युक्त सभी लाभ कंपनी की वर्तमान और समय-समय पर संशोधित नीति के अनुसार अधिशासित होंगे।

6. **<u>तैनाती/ कार्य</u>**

6.1 प्रशिक्षण-सह-परिवीक्षा अवधि के दौरान और/ या आमेलन के बाद, उम्मीदवारों को गेल (इंडिया) लिमिटेड या गेल (इंडिया) लिमिटेड की किसी भी सहायक कंपनी/ संयुक्त उद्यम के किसी भी प्रतिष्ठान/ परियोजनाओं/ कार्यालयों, आदि या भारत सरकार/ अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, आदि के किसी भी विभाग में तैनात किया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुसार विनिर्दिष्ट जॉब/ कार्य सौंपे जा सकते हैं।

**7. आवेदन शुल्क**

7.1 ऑनलाइन आवेदन भरते समय सामान्य, ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों को 200/- रुपए (दो सौ रुपए मात्र) (लागू सुविधा शुल्क और करों को छोड़कर) का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है :

- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी ब्राउज़र का उपयोग करके यूआरएल (यूनिफ़ॉर्म रिसोर्स लोकेटर) में लिंक टाइप या पेस्ट करके किया जाएगा:

  https://formbuilder.ccavenue.com/live/gail-india-limited

- तत्पश्चात अभ्यर्थियों को सही विज्ञापन संख्या का चयन करना होगा और अपेक्षित आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए प्रोसीड बटन पर क्लिक करना होगा। पे नाउ बटन पर क्लिक करने से पहले अभ्यर्थियों को अपना मूल व्यक्तिगत विवरण भरना होगा और नियम और शर्तें चेक बॉक्स पर क्लिक करना होगा। आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने पसंदीदा भुगतान मोड जैसे क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, पेटीएम, वॉलेट और यूपीआई आदि का चयन करना होगा। लागू सुविधा शुल्क और कर, यदि कोई आवेदन शुल्क से अधिक है तो अभ्यर्थियों द्वारा वहन किया जाएगा।

- सफल लेनदेन के पश्चात, अभ्यर्थियों को रसीद नंबर नोट करना होगा, जिसे मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दर्ज करके भुगतान हिस्ट्री पृष्ठ से पुन: प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन शुल्क के भुगतान के लिए उपयोगकर्ता मैनुअल गेल की वेबसाइट (careers.gail.co.in) पर उपलब्ध है। इसके अलावा, भुगतान गेटवे के माध्यम से प्राप्त रसीद नंबर को “Bank Transaction Number” फ़ील्ड में ऑनलाइन आवेदन पत्र में दर्ज किया जाएगा। एक बार जमा/ भुगतान किया गया आवेदन शुल्क को वापस लेने की

अनुमति नहीं होगी और एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क न तो किसी भी खाते में वापस किया जाएगा और न ही यह शुल्क भावी परीक्षा / चयन के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

7.2 **अ.जा./ अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियोंको आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।** तथापि, आवेदन शुल्क में छूट का दावा करने के लिए, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियोंको अ.जा./अ.ज.जा. प्रमाण-पत्र की एक वास्तविक प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया है और आवेदन शुल्क में छूट का दावा करने वाले पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियोंको आगे की चयन प्रक्रिया के समय सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की एक वास्तविक प्रति प्रस्तुत करनी होगी।

8. **आवेदन कैसे करें**

8.1 उम्मीदवारों को गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन का कोई अन्य साधन/ मोड स्वीकार नहीं किया जाएगा। वेबसाइट **07.07.2021 को 1100 बजे** से **05.08.2021 को 1800 बजे** तक खुली रहेगी।

8.2 ऑनलाइन पंजीकरण/ आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को आवेदन प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत निर्देशों को पढ़ने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन आवेदन करते समय उम्मीदवार के पास निम्नलिखित सूचना होनी चाहिए:

(i) वैध ई-मेल पता और मोबाइल नं.

(ii) भुगतान गेटवे के माध्यम से प्राप्त रसीद नंबर, यदि लागू हो।

(iii) उम्मीदवार द्वारा स्व-अनुप्रमाणित हाल के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ (3.5X4.5 सें.मी.) की स्कैन की गई प्रति (50 KB तक .JPEG/ .JPG/ .BMP फार्मेट आकार में) जिसकी पृष्ठभूमि सफेद हो।

8.3 ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवार को विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा सृजित आवेदन-पत्र डाउनलोड करना होगा। उम्मीदवार को दिए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करने चाहिए और इस फॉर्म को भावी संदर्भ के लिए अपने पास रखना चाहिए।

**8.4 उम्मीदवारों को इस चरण में गेल को आवेदन-पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं है।**

8.5 यदि उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाता है, तो उसे आगे की चयन प्रक्रिया के लिए डाउनलोड किए गए आवेदन-पत्र को विधिवत **स्व-अभिप्रमाणित** सभी मूल दस्तावेजों की एक फोटो प्रति के एक अलग सेट सहित **सभी मूल दस्तावेजों** [नीचे दिए गए क्रम में] को साथ लाना होगा अन्यथा उसे चयन प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी:

(i) भुगतान गेटवे के माध्यम से प्राप्त रसीद नंबर की **प्रति**, यदि लागू हो।

(ii) आवेदन-पत्र पर हस्ताक्षर के साथ हाल के पासपोर्ट आकार की 02 तस्वीर (ऑनलाइन आवेदन पत्र पर अपलोड की गई तस्वीर के समान) के साथ ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट।

(iii) जन्म-तिथि प्रमाण के समर्थन में दस्तावेज - मैट्रिक/ कक्षा-X प्रमाण-पत्र/ अंक-तालिका।

(iv) भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किया गया जाति/ जनजाति प्रमाण-पत्र [लागू अनुसार अ.जा./अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए], सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र [पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के मामले में] और भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण (भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के मामले में)। ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के उम्मीदवारों को **नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र** प्रस्तुत करना आवश्यक है।

(v) अर्हता के संबंध में सभी प्रमाण-पत्र/ प्रशंसापत्र (मैट्रिक के बाद से शुरू होने वाले सभी सेमेस्टर/ वर्ष-वार

अंक-तालिका, डिग्री और डिप्लोमा प्रमाण-पत्र)।

(vi) यदि डिग्री सीजीपीए/ ओजीपीए या लेटर ग्रेड में प्रदान की गई है तो प्राप्त अंकों का समकक्ष प्रतिशत दर्शाते हुए संस्थान/ विश्वविद्यालय से दस्तावेजी प्रमाण/ प्रमाण-पत्र (विश्वविद्यालय/ संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदण्डों के अनुसार)।

(vii) अधिकारी (लेबोरेटरी) पद के लिए : सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए अगले निचले वेतनमान या अगले निचले वेतनमान के समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष के अनुभव का प्रमाणपत्र ।

(viii) प्रबंधक (विपणन - कोमोडिटी जोखिम प्रबंधन)/वरिष्ठ अधिकारी (वित्त एवं लेखा): सीए/सीएमए योग्यता धारण करने वाले उम्मीदवारों के लिए आईसीएआई/आईसीएमएआई का एसोसिएट मेम्बरशिप प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)। प्रबंधक (विपणन - कोमोडिटी जोखिम प्रबंधन) पद के लिए सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए अगले निचले वेतनमान या अगले निचले वेतनमान के समकक्ष वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष के अनुभव का प्रमाणपत्र ।

(ix) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उम्मीदवार द्वारा उल्लिखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पूर्ण और उचित अनुभव प्रमाण-पत्र/ दस्तावेज।

अनुभव के लिए केवल निम्नलिखित प्रकार के दस्तावेजी प्रमाणों पर ही विचार किया जाएगा:

**I. <u>पिछले रोजगार के लिए:</u>**

- संगठन के सक्षम और अधिकृत कार्यकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव पत्र, जिसमें पदनाम, कर्मचारी द्वारा संगठन से कार्यभार मुक्त होने की तारीख सहित कार्यभार ग्रहण करने की तारीख दर्शाई गई हो **या**
- नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से पदनाम, संगठन में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख और त्याग-पत्र की स्वीकृति/ कार्यभार मुक्त आदेश दर्शाया गया हो।

**II. <u>वर्तमान रोजगार के लिए:</u>**

- संगठन के सक्षम और अधिकृत कार्यकारी द्वारा जारी किया गया अनुभव पत्र, जिसमें संबंधित कर्मचारी का पदनाम, संगठन में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख तथा नवीनतम वेतन-पर्ची दर्शाई गई हो

**या**

- नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से पदनाम, संगठन में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख और नवीनतम वेतन पर्ची के साथ निम्नलिखित वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक का उल्लेख किया गया हो:
  - ➢ वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी किया गया पहचान-पत्र
  - ➢ वार्षिक वेतन-वृद्धि पत्र
  - ➢ पदोन्नति आदेश/ स्थानांतरण आदेश आदि।

नियुक्ति पत्र और नवीनतम वेतन पर्ची के अभाव में, ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा।

(x) **बड़े निजी क्षेत्र के संगठन/ संस्थान/ प्रतिष्ठित कंपनी/ विधि फर्म(फर्मों)** के साथ अनुभव के मामले में: एनएसई या बीएसई के ग्रुप ए तथा बी में सूचीबद्ध होने का दस्तावेजी प्रमाण / पिछले वित्तीय वर्ष में 500 से अधिक कर्मचारी होने का प्रमाण/ पिछले वित्तीय वर्ष में 250 करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक कारोबार होने का दस्तावेजी प्रमाण। **बड़ी विधि फर्म** के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रुपए से अधिक के वार्षिक कारोबार का दस्तावेजी प्रमाण।

(xi) यदि उम्मीदवार केंद्र/ राज्य सरकार के विभाग, केंद्र/ राज्य पीएसयू या अर्ध-सरकारी संगठन में नियोजित है तो वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र/ अग्रेषण-पत्र।

(xii) **वैध आईडी प्रमाण:** पैन कार्ड/ वोटर आईडी/ आधार कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस आदि।

**उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपर्युक्त सभी दस्तावेज चयन प्रक्रिया के स्थल पर लाएं या जिस प्रकार गेल द्वारा मांग की जाती है, जिसमें ऑनलाइन जमा किए गए दस्तावेज भी शामिल हैं। यदि उम्मीदवार ऊपर उल्लिखित किसी भी आवश्यक दस्तावेज को प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो ऐसे उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

8.6 फोटो की **तीन** प्रतियां (ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर अपलोड की गई तस्वीर के समान) भविष्य के उपयोग के लिए रखी जानी चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक वे अपना स्वरूप न बदलें।

8.7 पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह इस विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों को पूरा करता है। यदि उम्मीदवार संबंधित पद, जिसके लिए उसने आवेदन किया है, के लिए अयोग्य पाया जाता है तो गेल भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा। ऐसे अयोग्य उम्मीदवारों द्वारा भुगतान किए गए आवेदन शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**9. <u>स्वास्थ्य/ चिकित्सा योग्यता</u>**

**9.1** उपर्युक्त पदों के लिए नियुक्ति कंपनी द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार उम्मीदवार के चिकित्सकीय रूप से योग्य पाए जाने के अधीन होगी। कंपनी में किसी पद पर नियुक्त होने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल (न्यूनतम जिला अस्पताल स्तर वाले) या गेल नामित पैनलबद्ध अस्पतालों में अपना रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा करवानी होगी, और उसे चिकित्सा प्राधिकारी अर्थात् अध्यक्ष चिकित्सा बोर्ड या सिविल सर्जन या मेडिकल सुपरिंटेंडेंट या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या किसी केंद्रीय/ राज्य सरकार के अस्पताल के बराबर (न्यूनतम जिला अस्पताल के स्तर पर) या गेल द्वारा नामित अस्पताल द्वारा जारी निर्धारित प्रारूपों में मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। कार्यभार ग्रहण करने की स्वीकृति चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा चिकित्सा योग्यता प्रमाण-पत्र जारी करने और सीएमओ, गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा उसे आगे स्वीकार किए जाने के अधीन होगी। गेल को बिना कोई कारण बताए उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत मेडिकल परीक्षा रिपोर्ट की पुन: जांच या समीक्षा करने का अधिकार होगा और गेल द्वारा विनिर्दिष्ट सीएमओ का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। चिकित्सा योग्यता और रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा के लिए चिकित्सा मानकों/ मानदंडों पर विस्तृत दिशानिर्देश गेल की वेबसाइट <u>www.gailonline.com</u> पर उपलब्ध हैं।

**10. <u>चयन प्रक्रिया</u>**

10.1 सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों (ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर) को ही आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा। सभी मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर, उम्मीदवारों को एकल चरणीय/ बहु चरणीय चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा। आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में, गेल न्यूनतम पात्रता मानकों को उपयुक्त रूप से बढ़ाकर उचित संख्या में चयन प्रक्रिया के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए गेल शॉर्टलिस्टिंग मानदंड को अपनाएगा।

10.2 स्क्रीनिंग और चयन उम्मीदवारों द्वारा प्रदान किए गए विवरण के आधार पर होगा, इसलिए यह आवश्यक है कि आवेदकों द्वारा केवल सटीक, पूर्ण और सही जानकारी दी जाए। गलत/ असत्य जानकारी प्रस्तुत करने को

अयोग्यता माना जाएगा और ऐसी गलत/ असत्य जानकारी प्रस्तुत करने के किसी भी परिणाम के लिए गेल जिम्मेदार नहीं होगा।

10.3 चूंकि ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा के आधार पर सभी आवेदनों की जांच की जाएगी, इसलिए उम्मीदवारों को जिस पद के लिए वे आवेदन कर रहे हैं, की उपयुक्तता से स्वयं को संतुष्ट करना होगा। यदि भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवारों ने गलत या असत्य जानकारी दी है, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण के दौरान किसी भी रूप में पैरवी करने से उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

10.4 ऑनलाइन फॉर्म में दिए गए सभी विवरणों को अंतिम माना जाएगा और उसमें कोई बदलाव करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

10.5 यह नोट किया जाए कि काल्पनिक छद्म नाम/ ई-मेल आईडी के तहत ऑनलाइन आवेदन जमा करना सख्त वर्जित है। ऐसे तरीकों को अपनाने वाला कोई भी उम्मीदवार आईटी अधिनियम 2000 के प्रावधानों के तहत उपयुक्त कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा।

**10.6 चयन प्रक्रिया में (उपरोक्त तालिका -1 के क्र. सं. 1 से 11 तथा 13 से 19 के पदों के लिए) चयन समिति के समक्ष समूह चर्चा और/या साक्षात्कार शामिल होगा।**

- **वरिष्ठ अधिकारी (अग्नि एवं संरक्षा) पद हेतु : चयन प्रक्रिया में चयन समिति के समक्ष शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी) और साक्षात्कार शामिल होंगे।**
- **अधिकारी (सुरक्षा) पद हेतु : चयन प्रक्रिया में चयन समिति के समक्ष शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी)और साक्षात्कार शामिल होंगे। दिव्यांगजनों को पीईटी से छूट दी जाएगी।**
- **अधिकारी (राजभाषा) के पद हेतु : चयन प्रक्रिया में चयन समिति के समक्ष कौशल परीक्षण (अंग्रेजी से हिंदी तथा हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद) तथा साक्षात्कार शामिल होंगे ।**

**10.7 ऊपर दी गई चयन प्रक्रिया अस्थायी है। तथापि, चयन प्रक्रिया कंपनी की प्रशासनिक/ व्यावसायिक आवश्यकताओं के आधार पर भिन्न हो सकती है।**

## 11. अन्य निबंधन एवं शर्तें तथा सामान्य निर्देश

11.1 केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

11.2 उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे इस विज्ञापन के सभी पात्रता मानदंड और अन्य शर्तों को पूरा करते हैं और उनके द्वारा ऑन-लाइन आवेदन में प्रस्तुत विवरण और बाद में उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज (ऊपर उल्लिखित खंड 8.5 के अनुसार) सभी तरह से सही हैं। चयन प्रक्रिया में प्रवेश का अर्थ यह नहीं है कि कंपनी (गेल) उम्मीदवार की पात्रता के बारे में संतुष्ट है। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता लगता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों में से किसी मानदंड को पूरा नहीं करता है, और/ या उसने कोई गलत जानकारी दी है या किसी भी तथ्य सामग्री को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से किसी भी कमी का पता लगता है, तो उसकी सेवाओं को सरसरी तौर पर समाप्त कर दिया जाएगा।

11.3 ऑनलाइन आवेदन में घोषित डाक पते/ ई-मेल आईडी/ श्रेणी/ पदों को बदलने के किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

11.4 उम्मीदवारों के पास एक वैध ईमेल आईडी होना चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कम से कम एक वर्ष के लिए ईमेल आईडी (ऑनलाइन आवेदन पत्र में अनिवार्य रूप से दर्ज किए जाने के लिए) को सक्रिय रखें। ईमेल आईडी एक बार दर्ज करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के साथ

सभी पत्राचार केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के बारे में सभी सूचना/ जानकारी ऑनलाइन आवेदन डेटा और दस्तावेजों के आधार पर स्पष्ट रूप से पात्र पाए गए उम्मीदवारों को ई-मेल के माध्यम से प्रदान की जाएगी। सूचना/ जानकारी आदि को प्राप्त करने और डाउनलोड करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। गेल उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य/ गलत ई-मेल आईडी के कारण भेजे गए ई-मेल के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

11.5 केवल चयनित सूचीबद्ध उम्मीदवार, जो ऑनलाइन आवेदन डेटा और दस्तावेजों के आधार पर स्पष्ट रूप से पात्र पाए जाते हैं, को ही चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। यदि आवेदक को इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **120 दिनों** के भीतर कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जा सकता है कि वह चयन प्रक्रिया के लिए सूचीबद्ध नहीं है।

11.6 ऑनलाइन आवेदन-पत्र में एक बार श्रेणी **[अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी]** भरने के बाद बदली नहीं जाएगी और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ स्वीकार्य नहीं होगा।

11.7 **"क्रीमी लेयर"** के ओबीसी उम्मीदवार, ओबीसी रियायत के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को "सामान्य" के रूप में दर्शाना होगा।

11.8 सरकार के निर्देशों के अनुसार अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)/ पीडब्ल्यूबीडी/ भूतपूर्व सैनिक के लिए छूट/ आरक्षण लागू है।

**11.9 <u>आरक्षण के लिए दिव्यांगता की मात्रा</u>**

केवल ऐसे पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार आरक्षण/ रियायतों के विद्यमान लाभ पाने के पात्र होंगे जिनकी प्रासंगिक दिव्यांगता 40% से कम न हो। **पीडब्ल्यूबीडी** के लिए लागू आरक्षण/ रियायतों का लाभ लेने के लिए, उम्मीदवारों को उनके दावे के समर्थन में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की दिनांक 15.06.2017 की अधिसूचना सं. जी.एस.आर. 591 (ई) द्वारा निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करने के लिए, कृपया संबंधित लिंक **"अ.जा./ अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र के लिए निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करें"** पर क्लिक करें जो गेल की वेबसाइट <u>www.gailonline.com</u> के करियर खंड पर उपलब्ध है। यदि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

11.10 **अ.जा./ अ.ज.जा.** श्रेणी के उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करने के लिए, कृपया संबंधित लिंक **"अ.जा./अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र के लिए निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करें"** पर क्लिक करें जो गेल वेबसाइट <u>www.gailonline.com</u> के करियर खंड पर उपलब्ध है। यदि उम्मीदवार भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

11.11 **ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)** श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में अपना नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करने के लिए, कृपया संबंधित लिंक **"अ.जा./अ.ज.जा./ ओबीसी (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस/ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र के लिए निर्धारित प्रारूप डाउनलोड करें"** पर क्लिक करें जो गेल वेबसाइट <u>www.gailonline.com</u> के करियर खंड पर उपलब्ध है। अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में

ओबीसी (एनसीएल) प्रमाण-पत्र में इंगित जाति और समुदाय का नाम प्रदर्शित होना चाहिए। यदि भारत सरकार द्वारा निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्धारित प्रारूप में उम्मीदवार अपना नवीनतम जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, यदि ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों को आमंत्रित किया जाता है तो उन्हें यह उल्लेख करते हुए एक वचन-पत्र देना होगा कि वे चयन प्रक्रिया में भाग लेने के समय ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हैं।

11.12 ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण चाहने वाले उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी नवीनतम आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए। निर्धारित फार्मेट तथा सक्षम प्राधिकारी के बारे में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36039/1/2019-स्था (आरईएस) दिनांक 31.01.2019 बताया गया है। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र गेल में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को वैध होना चाहिए (प्रमाण पत्र जारी होने की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध होगा)। निर्धारित फॉर्मेट को डाउनलोड करने के लिए कृपया गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के करियर सेक्शन में उपलब्ध संबंधित लिंक **"Download prescribed format for SC/ST/OBC(NCL)/EWS/PwBD certificate"** पर क्लिक करें।

11.13 वर्तमान में केंद्र/ राज्य सरकार के विभाग, केंद्रीय/ राज्य पीएसयू या अर्ध-सरकारी संगठन में कार्यरत उम्मीदवार अपने आवेदन को **उचित माध्यम से** अग्रेषित करेंगे या चयन प्रक्रिया के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **एनओसी** प्रस्तुत करेंगे। यदि उम्मीदवार का आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किया जाता है या उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से **एनओसी** प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

11.14 यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी सूचना गलत पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर या भर्ती के बाद या कार्यभार ग्रहण करने के बाद रद्द कर दी जाएगी।

11.15 गेल को न्यूनतम पात्रता मानकों को बढ़ाने का अधिकार है। गेल को कोई नोटिस दिए बिना या कोई कारण, जो कोई भी हों, बताए बिना भर्ती/ चयन प्रक्रिया में उपर्युक्त सभी पदों या किसी भी पद को भरने या न भरने या रद्द करने/ प्रतिबंधित करने/ बढ़ाने/ संशोधित करने/ परिवर्तन करने का अधिकार है।

11.16 निर्धारित योग्यता/ अनुभव न्यूनतम है और केवल उन्हें धारण करने मात्र से किसी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया में भाग लेने का हक नहीं मिल जाता। इस संबंध में गेल का निर्णय अंतिम होगा।

11.17 चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची और उपर्युक्त पदों पर नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची को यथासमय उम्मीदवारों की सूचना के लिए गेल की वेबसाइट www.gailonline.com पर प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवारों को नवीनतम अपडेट के लिए गेल की वेबसाइट www.gailonline.com को देखते रहने की सलाह दी जाती है।

11.18 आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पैरवी किए जाने से उसकी उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी। इस विज्ञापन के खिलाफ भर्ती के संबंध में उत्पन्न किसी भी विवाद को केवल **दिल्ली न्यायालय** के क्षेत्राधिकार में ही निपटाया जाएगा।

11.19 उपर्युक्त विज्ञापन में किसी भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र, समय विस्तार, आदि को केवल गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के **"करियर"** खंड में अपलोड किया जाएगा: और प्रेस में अलग से कोई अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे खुद को अपडेट रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।

11.20 महत्वपूर्ण तिथियां

| | गतिविधि | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | उम्मीदवारों द्वारा आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण शुरू करने की तिथि | 07.07.2021 (11.00 बजे से) |
| 2 | उम्मीदवारों द्वारा आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण / प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 05.08.2021 (18.00 बजे तक) |

12. महत्वपूर्ण अनुदेश

12.1 ऑनलाइन आवेदन केवल आवेदन शुल्क प्राप्त होने पर (लागू अनुसार) और स्व-अभिप्रमाणित फोटोग्राफ के अपलोड करने पर ही प्रस्तुत किया गया माना जाएगा।

12.2 उम्मीदवारों को पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए अपने स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें (लागू अनुसार) और ऑनलाइन आवेदन को उसके जमा करने की अंतिम तिथि से पहले अग्रिम रूप से जमा करें ताकि इंटरनेट पर हैवी लोड या वेबसाइट जाम के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने के दौरान डिसकनेक्शन/ अक्षमता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके।

12.3 हम एतद्द्वारा आम जनता को सतर्क करते हैं कि वे संदिग्ध एजेंसियों/ संगठनों/ व्यक्तियों/ लोगों के बहकावे में न आएं जिनका उद्देश्य मासूम लोगों से पैसा हड़पना होता है। ई-मेल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से परिचालित गेल (इंडिया) लिमिटेड के किसी भी विज्ञापन/ नौकरी की घोषणा पर विश्वास न करें। कृपया गेल (इंडिया) लिमिटेड से संबंधित किसी भी नौकरी/ कैरियर संबंधी जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.gailonline.com पर अपलोड की गई जानकारी पर ही भरोसा करें।

**इस विज्ञापन के हिन्दी रुपांतरण में निहित किसी भी शर्त की किसी व्याख्या के संबंध में कोई संदेह/अस्पष्टता होने की स्थिति में विज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।**

विज्ञापन सं.: गेल/ओपन/ मिस./3/2021